भारत सरकार

परमाणु ऊर्जा विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 323

जिसका उत्तर दिनांक 03.02.2021 को दिया जाना है

परमाणु बिजली परियोजनाओं में चीन की भागीदारी

323. श्री पी. वेलुसामी :

क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को भारत में परमाणु बिजली परियोजनाओं में भाग लेने के लिए चीन से कोई अनुरोध प्राप्त हुआ है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या चीन प्रमुख न्यूक्लियर सप्लायर्स ग्रुप (एनएसजी) में भारतीय प्रवेश के खिलाफ है और इस संबंध में सरकार का क्या रुख है; और

(घ) यदि अनुमति दी जाए तो भारत में चीनी रिएक्टरों को स्थापित करने की अनुमति देने के राष्ट्रीय सुरक्षा पहलू का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

राज्य मंत्री, कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन तथा प्रधान मंत्री कार्यालय (डॉ. जितेन्द्र सिंह) :

(क) जी, नहीं ।

(ख) तथा (घ) उपरोक्त (क) के मद्देनजर प्रश्न नहीं उठता ।

(ग) नाभिकीय आपूर्तिकर्ता समूह (एनएसजी) की भारत की सदस्यता अभी भी समूह के विचाराधीन है । भारत को एनएसजी के कई सदस्यों से समर्थन प्राप्त हो चुका है । चूंकि भारत एनएसजी का सदस्य नहीं है, अतः भारत को आंतरिक चर्चा की जानकारी नहीं है । तथापि, अनुमान है कि भारत के सदस्यता संबंधी आवेदन पर विचार करने के संबंध में एनएसजी में प्रक्रिया संबंधी मुद्दे उठाए गए हैं । सरकार उचित स्तर पर, एनएसजी के सदस्यों से समर्थन पाने के कार्य में लगी हुई है ताकि समूह द्वारा भारत की सदस्यता पर शीघ्र निर्णय हो सके ।

* * * * *